हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 27 अप्रैल 2024

04 न्यायाधीश ने वृद्धाश्रम और नशामुक्ति केन्द्र का ...



06 होम वोटिंग के पहले दिन जिले के बुजुर्ग और दिव्यांग ...





## खबर संक्षेप

### मतदान दलों के प्रशिक्षण की तिथि निर्धारित

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी पूरी तरह से प्रभावशील हो गई है। जिसका सख्ती से पालन कराया जाएगा। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र-19 भोपाल के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र सीहोर एवं संसदीय क्षेत्र-18 विदिशा के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र बुधनी एवं इछावर में 7 मई को मतदान होना है। इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा मतदान दलों का गठन कर मतदान दलों के प्रशिक्षण की तिथि निर्धारित कर दी गई है। यह प्रशिक्षण पूर्व में 29 अप्रैल को होने वाला था जिसे अब 2 मई को पूर्व निर्धारित स्थान, समय एवं कक्ष में आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 30 अप्रैल तथा 1 मई को होने वाला प्रशिक्षण यथावत रहेगा। माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण पूर्व घोषित 4 मई को ही आयोजित किया जाएगा। 3 मई को कोई भी प्रशिक्षण आयोजित नहीं है।

### मोबाइल उपयोग की गाइड लाइन जारी

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर निर्देश जारी किए हैं। आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में केवल निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त किए गए शासकीय सेवक ही मोबाइल का उपयोग कर सकेंगे। इसके लिए शासकीय सेवक ही अधिकृत होंगे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं दल के अन्य सदस्य को मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान अपने मोबाइल फोन साइलेंट मोड में रखना होंगे। वे केवल सेक्टर अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी एवं निर्वाचन प्रेक्षक से निर्वाचन सबंधी वार्तालाप अथवा अन्य अति आवश्यक परिस्थिति में मतदान केंद्र से बाहर निकलकर वार्तालाप के लिए मोबाइल फोन का उपयोग कर सकेंगे। बूथ लेवल ऑफिसर को भी वोटर असिस्टेंट बूथ पर तैनाती के दौरान ही मोबाइल के उपयोग की अनुमति होगी। अन्य कोई भी मोबाइल उपयोग नहीं कर सकेगा।

### आईआईटी : प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**सीहोर।** आईआईटी इंदौर में पीजी प्रोग्राम एमटेक और एमएस (रिसर्च) के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरु हो गई है। साथ ही अलग-अलग विभागों में पीएचडी प्रवेश के लिए आवेदन भी बुलाए गए हैं। गेट स्कोर के आधार पर एमटेक और एमएस में एडमिशन होंगे। खास बात यह है कि इसके लिए दो केटेगरी बनाई गई हैं। पहली केटेगरी टीचिंग असिस्टेंट और दूसरी नॉन-टीचिंग असिस्टेंट की हैं। नॉ-टीचिंग असिस्टेंट केटेगरी में आवेदन करने की आखिरी तारीख 10 मई है।

## खाते में पैसा नहीं आने के कारण किसान हो रहे परेशान, उधार लेकर चला रहे काम

# समर्थन पर उपज बेचने वाले किसानों का 337 करोड़ का भुगतान अटका

### समर्थन पर उपज बेचने वालों की व्यथा 55 हजार किसान बेच चुके हैं गेहूं, ईपीओ ही जारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मैं बाबूलाल, पोते की शादी की तैयारियां करनी है। समर्थन केंद्र पर पर गेहूं बेचा, लेकिन खाते में रुपए नहीं आए, ऐसी व्यथा श्यामपुर के जहीर खां की है, जिन्होंने 80 क्विंटल गेहूं 25 मार्च को बेचा था, 1 लाख 92 हजार रुपए में से 58 हजार कम आए। पता नहीं कब आएंगे। भांजी की शादी है, रुपयों की व्यवस्था कैसे होगी? पता नहीं। ऐसे ही बाबूलाल और जहीर जैसे जिले में सैकड़ों किसान है, जिन्होंने अपनी उपज मार्च-अप्रैल में समर्थन केंद्र पर बेची थी, लेकिन किसी के आधे रुपए लाए तो किसी के खाते में एक ढेला तक नहीं।

जिले की बात करें तो अभी भी 337 करोड़ का भुगतान होना बाकी है। इधर किसानों का कहना है कि वह उधार लेकर काम चला रहे हैं। बैंकों की किश्त देना है लेकिन समय पर पैसा ही खातों में नहीं आ पा रहा है। जिले में 231 समर्थन केंद्रों पर गेहूं की खरीदी की जा रही है। अभी तक 55 हजार से अधिक किसान अपनी उपज बेच चुके हैं। इन किसानों को 1089 करोड़ रुपए का भुगतान होना है लेकिन अभी तक 752 करोड़ का भुगतान ही हो सका है।

**पोते की शादी लेकिन उपज बेचने के बाद भी नहीं मिले पैसे :** कांकरखेड़ा इछावर के बाबूलाल ने 4 अप्रैल को समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय किया था। उसने बताया कि 60 क्विंटल गेहूं का विक्रय किया गया था लेकिन अभी तक खाते



में एक भी रुपया नहीं आया है। अभी भी खाते में रुपए कब तक आएंगे, कहा नहीं जा सकता। उधार लेना पड़ रहा है। खुद के स्तर से की व्यवस्थाएं: बाबूलाल ने बताया कि पोते की शादी के लिए तैयारियां करना था, लेकिन खाते में रुपए ही नहीं आए। इसलिए खुद के स्तर से व्यवस्थाएं करना पड़ी। अभी भी यह तय नहीं है कि शादी तक खाते में रुपए आ जाएंगे।

#### लक्ष्य 7 लाख टन गेहूं का, 4 लाख ही खरीदा गया

रही है वह काफी कम हुई है। करीब 7 लाख टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य था लेकिन अभी तक यह 4 लाख 54 हजार टन ही खरीदा जा सका है। इसका कारण यह भी है कि मंडी में इस बार अधिक भाव मिल रहा है।

#### 1.34 लाख का तो भुगतान हुआ लेकिन 58 हजार अभी भी बाकी

श्यामपुर के किसान जहीर खां ने 80 क्विंटल गेहं समर्थन पर बेचा। 25 मार्च को केंद्र पर पहुंचकर गेहूं का तौल कराया था। 1 लाख 92 हजार रुपए का भुगतान होना था लेकिन अभी भी 58 हजार रुपए खाते में कम आए हैं। यह राशि कब तक आएगी कहा नहीं जा सकता।

**यह हो रही समस्या:** जहीर खां ने बताया कि घर में भांजी की शादी है। इसके लिए तैयारी करना है लेकिन भुगतान पूरा नहीं हो सका है। इसी तरह ट्रैक्टर की किश्त हर 6 माह में जमा करना पड़ता है। 5 मई को 1 लाख 49 हजार रुपए बैंक में जमा होना हैं, लेकिन इसकी व्यवस्था अभी नहीं हो सकी है।

#### मंडी में तत्काल भुगतान, भाव भी 2400 रुपए/क्विंटल

जिन किसानों के पास गेहूं की क्वालिटी अच्छी है वह तो मंडी ही उपज लेकर पहुंच रहे हैं। इसका कारण यह है कि उन्हें यहां पर 2400 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक मिल रहे हैं। अधिक रेट मिलने के साथ तत्काल भुगतान के कारण भी मंडियों में भीड़ हो रही है। जिन किसानों को पैसे की सख्त जरूरत है वह समर्थन पर उपज न बेचकर मंडियों में बेच रहे हैं।

**55 हजार किसान बेच चुके हैं उपज :** इस बार जिले में 88 हजार से अधिक किसानों ने समर्थन पर उपज बेचने के लिए पंजीयन कराया है। इनमें से 55 हजार 845 किसान गेहूं समर्थन मूल्य पर बेच चुके हैं। अभी खरीदी के लिए समय तो है, लेकिन किसान कम पहुंच रहे हैं।

#### 70 फीसदी भुगतान हो चुका

70 फीसदी भुगतान हो चुका है। अब बहुत कम पेमेंट बचा है। खरीदी के लिए अभी केंद्र खुले हैं। 4 लाख 54 हजार टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है।

**आकाश चंदेल,** सहायक आपूर्ति अधिकारी

## जमीन विवाद में भाई ने बेटे के साथ मिलकर कर दी भाई की हत्या



**रेहटी।** जिले के रेहटी क्षेत्र में एक ग्रामीण की जमीन विवाद को लेकर उसी के बड़े भाई और उसके बेटे ने हत्या कर दी। पुलिस ने रात 10 बजे के लगभग एफआईआर दर्ज की है और शुक्रवार सुबह 5 बजे हत्या के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक शिवलाल जांगड़ा निवासी रेऊगांव ने थाना रेहटी में पुलिस को जानकारी दी कि उसके दो नाती सुनील और गोविंद है। उसके पास शासकीय कब्जे वाली 8 एकड़ कृषि भूमि है। वर्तमान में सुनील और गोविंद का जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। सुनील गौतमपुरा कॉलोनी रायसेन में परिवार सहित रह रहा है। गुरुवार शाम को रेऊ गांव में सुनील आया, उसने बड़े भाई गोविंद से कहा कि कब्जे वाली 8 एकड़ कृषि भूमि में से मुझे मेरा हिस्सा दे दो। इसी बात पर दोनों का एक किराना दुकान के सामने झगड़ा हो गया। विवाद ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। इसके बाद गोविंद व उसके पुत्र निलेश ने मिलकर कुल्हाड़ी बल्लम और डंडे से सुनील को सिर, मुंह, पीठ और हाथ तथा पैरों में मारपीट कर चोट पहुंचाई। जिसकी उसे सूचना मिली थी।

सूचना पर वह मौके पर पहुंचा वहां हरीश गोर व राजेंद्र गौर दोनों बीच बचाव कर रहे थे। अन्य लोग भी खड़े थे। तब उसने देखा की सुनील को बहुत अधिक चोट लगने से रोड पर बहुत सारा खून फैल गया है और सुनील को शरीर पर आई चोट के कारण मौके पर ही बेहोश था। तभी मौके से गोविंद व उसका लड़का निलेश हाथ में कुल्हाड़ी, डंडे लेकर नर्मदा नदी की ओर भाग गया। इस दौरान किसी ने 108 एंबुलेंस को बुला लिया। इसके बाद सुनील को एंबुलेंस में रेहटी अस्पताल लेकर गए। डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में गोविंद और नीलेश ने मिलकर सुनील की हत्या की है। इस सूचना के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 302 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले में सब इंस्पेक्टर नंदराम अहिरवार का कहना है कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# शुक्र तारा अस्त : मई और जून में नहीं होंगी शादियां, जुलाई में सिर्फ 7 दिन ही श्रेष्ठ मुहूर्त

### 61 साल बाद अक्षय तृतीया पर भी नहीं होंगी, 50 करोड़ का कारोबार होगा प्रभावित



**सीहोर।** इस बार दो माह से अधिक समय तक शहनाई की गूंज सुनाई नहीं देंगी। मई और जून महीने में विवाह नहीं होंगे। इतने लंबे समय तक विवाह पर ब्रेक लग जाने से व्यापार पर खासा प्रभाव पड़ने की संभावना है। व्यापारियों के अनुसार दो माह में करीब 50 करोड़ का कारोबार प्रभावित होगा। दरअसल पंचांग के अनुसार शुक्र तारा अस्त होने से दो महीने से अधिक समय तक विवाह नहीं हो सकेंगे। वहीं जुलाई में सिर्फ 7 दिन ही विवाह के मुहूर्त हैं।

सबसे बड़े मुहूर्त अक्षय तृतीया पर भी पंचांग के अनुसार विवाह मुहूर्त नहीं है। ऐसी स्थिति 61 साल बाद बनी है। पंडित हर्षित शास्त्री ने बताया कि पंचांग के अनुसार विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य के लिए जुलाई महीने में 9, 10, 11, 12, 13, 14 और 15 तारीख को शुभ मुहूर्त हैं। इन तिथियों में विवाह किए जा सकेंगे। इसके बाद विवाह के लिए फिर से लोगों को तीन माह का इंतजार करना होगा। नवंबर महीने में 22, 23, 25 और 27 तारीख को विवाह के लिए शुभ मुहूर्त हैं। इसके बाद दिसंबर महीने से विवाह के लिए कई शुभ मुहूर्त बन रहे हैं।

#### 2 माह तक करना पड़ेगा इंतजार

इस साल अक्षय तृतीया का पर्व 10 मई को मनाया जाएगा। हर साल इस अबूझ मुहूर्त में ढेरों शादियां होती हैं, लेकिन इस साल शुक्र ग्रह के अस्त होने के कारण शादी का एक भी मुहूर्त नहीं है। पंडित हर्षित शास्त्री की मानें तो 61 साल के बाद ऐसा संयोग बन रहा है, जब अक्षय तृतीया पर विवाह समेत अन्य मांगलिक कार्य नहीं किया जा सकेगा। विवाह के लिए 28 जून को शुक्र ग्रह उदय होगा। इसके बाद ही विवाह के लिए मुहूर्त निकलेगा। पंडित शास्त्री के अनुसार 16 जनवरी से 31 जनवरी के बीच विवाह के लिए 9 मुहूर्त थे। इसमें ढेरों शादियां हुई। 14 मार्च को सूर्य मीन राशि में गया। इसी साथ ही खरमास शुरू हुआ जो 15 अप्रैल तक रहा। 18 अप्रैल और 26 अप्रैल तक विवाह के लिए सिर्फ 6 श्रेष्ठ मुहूर्त थे। 1 मई से शुक्र ग्रह अस्त हो रहा, जो कि 2 जुलाई को पश्चिम दिशा में उदय होगा। इसी तरह 7 मई को गुरू ग्रह अस्त हो रहा है, जो कि 1 जून को उदय होगा। अक्षय तृतीय का पर्व 10 मई को मनाया जाएगा।

### पीपीसीए सीहोर ने अरेरा क्लब भोपाल को 68 रन से हराया



**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर इन दिनों सीहोर विधायक अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में शहर के अलावा भोपाल और इंदौर से आई एक दर्जन टीम शामिल हुई थी, शुक्रवार को प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में पीपीसीए सीहोर ने भोपाल की दिग्गज टीम अरेरा क्रिकेट क्लब को 68 रन के विशाल अंतर से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। इस मैच के दौरान सीहोर के उभरते हरफनमौला खिलाड़ी नवनीत सोनी ने 40 गेंद पर 43 रन और शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट का दोहरा प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाई। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार की सुबह टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीपीसीए सीहोर की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 188 रन बनाए थे। इसमें अराव मसीह ने 76 गेंद पर 72 रन, हरफनमौला खिलाड़ी नवनीत सोनी ने 40 गेंद पर 43 रन, आदिल खान ने 22 गेंद पर 23 रन, कनिष्क ने 19 और योगेश ने 11 रन की पारी खेली। वहीं अरेरा क्लब भोपाल की ओर से गेंदबाजी करते हुए सिद्धांत ने तीन विकेट, समर्थ-अर्जुन शुक्ला ने दो-दो विकेट हासिल किए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल की पूरी टीम मात्र 24 ओवर में 120 रन पर सिमट गई। इसमें अरनव ने 38 रन, पियुष ने 18 रन और अनिनल ने 10 रन बनाए थे। पीपीसीए सीहोर की ओर से गेंदबाजी करते हुए नवीनत ने तीन विकेट, अक्षय-नैतिक ने दो-दो विकेट, लक्की-दीपेश सेन ने एक-एक विकेट हासिल किए थे।

## कृषि उपज मंडी में अव्यवस्थाओं से परेशान किसान

# नीलामी शेड में पत्थर रख रोकते हैं दुकानें, वसूलते हैं मनमानी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कृषि उपज मंडी अव्यवस्थाओं के चलते सुर्खियों में बनी रहती है। कभी यहां अतिक्रमण तो कभी सब्जी विक्रेताओं की मनमानी के मामले सामने आते हैं। कभी ई-मंडी में परेशान किसान अब एक और मामला प्रकाश में आया है। जहां लहसुन प्याज मंडी में कुछ हम्मालों की मनमानी से किसान परेशान हैं। किसानों से कुछ हम्माल शेड में जगह के नाम पर मनमानी राशि वसूल रहे हैं।

गौरतलब है कि इन दिनों में कृषि उपज मंडी सीहोर स्थित परिसर में बनी लहसुन प्याज की नीलामी शेड जहां पर किसानों के लिए अपनी उपज बेचने की व्यवस्था की गई है। जहां पर नियम विरूद्ध कुछ हम्माल शेड में पत्थर रखकर जबरन स्थान रोक लेते हैं और उपज बेचने आए किसानों को जगह नहीं मिल पाती है। किसानों को जगह के लिए जगह रोकने वाले हम्मालों को 100 से 300 रूपए तक देने पड़ रहे हैं।



#### किसानों पर दोहरा भार

देखने में यह आ रहा है कि एक तो किसान को मंडी में उपज बेचने के लिए मंडी टैक्स देना पड़ता है, वहीं अब यह जबरन वसूली के पैसे भी देने पड़ रहे हैं, जबकि जिम्मेदार अफसर किसानों की इस समस्या को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रहे हैं। इस जबरन वसूली की हम शिकायत भी मंडी में अधिकारियों से कर चुके। हालांकि, इस समस्या का निराकरण नहीं किया जा रहा है, यदि ऐसा ही चलता रहा तो किसान विरोध करेंगे।

#### सब्जी मंडी में लहसुन प्याज की खरीदी

मंडी प्रबंधन की अनदेखी और खामोशी के चलते कुछ लहसुन प्याज व्यापारियों की मन मानी इस कदर चल रही है, नियमों का ताक पर रख यह व्यापारी सुबह सब्जी मंडी में लहसुन प्याज की खरीदी कर रहे हैं।

किसानों को मंडी से बाहर रोककर यह व्यापारी ओने पौने दामों पर लहसुन प्याज खरीदते हैं और नीलामी में इस उपज को बेचते हैं। जिसकी कई बार शिकायत भी हो चुकी है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कृष उपज मंडी सीहोर के सचिव नरेन्द्र मेश्राम ने कहा कि मुझे अभी इस संबंध में जानकारी नहीं है, किसान मुझसे शिकायत करेंगे, तो विधिवत जांच की जाएगी।

## परियोजना अधिकारी बोले 18 वर्ष की आयु से पहले बालिका का विवाह अपराध है

# गुपचुप कर रहे थे बाल विवाह, समझाइश देकर रुकवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा

कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा गत दिवस सभी संबंधित विभागों को विवाह के विशेष अवसरों पर बाल विवाह होने की संभावना को दृष्गित रखे हुए जिला स्तर एवं अनुभाग स्तर पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए दल गठित किये गये थे।

कलेक्टर सिंह द्वारा जारी निर्देशानुसार परियोजना, विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर निगरानी दलों का गठन कर लगातार कार्यवाही कि जा रही है। जिले में किसी भी स्थान पर बाल विवाह होता है तो विभाग या सहयोगी संस्थाओं को जानकारी प्राप्त हो जाती है एवं सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन के माध्यम से भी सूचनाएं प्राप्त होती है। चाइल्ड हेल्पलाइन से ग्राम पाटेर तहसील श्यामपुर थाना अहमदपुर में 27 अप्रेल 2024 को बालिका निशा परिवर्तित नाम का बाल विवाह की सुचना प्राप्त होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रफुल्ल खत्री ने तत्काल कार्यवाही



करने के लिए दौराहा परियोजना अधिकारी माधवी सिंह को निर्देशित किया। माधवी सिंह द्वारा ग्राम पाटेर में विवाह स्थल पर पहुंच कर बालिका के माता पिता से बालिका की आयु संबंधी दस्तावेज मांगे गये। पहले तो परिजनों ने बालिका के दस्तावेज बाताने से इनकार किया। परियोजना अधिकारी द्वारा जब बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी देते हुये बताया कि 18 वर्ष की आयु से पहले बालिका का विवाह अपराध है जिसमें आपको 2 वर्ष की सजा एंव 1 लाख रूपये का जुर्माना हो सकता है। तब बालिका की 10 वी कक्षा की मार्कशीट बताई गई जिसमें जन्मतिथि 19 दिसंबर 2006 के अनुसार बालिका 17 वर्ष 4 माह की होना पाई गई। टीम द्वारा बालिका के माता-पिता एवं परिजनों को समझाइश दी गई, इस पर सभी ने विवाह को निरस्त किया तथा शपथ पत्र एवं कथन दिया के बालिका का विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात ही करेंगे।

# नाबालिग का अपहरण कर ज्यादती करने वाला मुख्य आरोपी पुलिस की हिरासत में

### मुखबिर की सूचना पर ग्राम बीजला से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

फरियादिया द्वारा अपनी नाबालिग बालिका के अज्ञात आरोपी द्वारा अपहरण करने की रिपोर्ट करने पर थाना भैरूंदा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। नाबालिग बालिका की शीघ्र पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी द्वारा दस्त्याबी के लिए निर्देशित किया गया। प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए गठित टीम द्वारा विवेचना के दौरान 24 घंटे में नाबालिग की दस्त्याबी की जाकर उसे परिजनों को सुपुर्द किया गया। अपहृता से पूछताछ के आधार पर प्रकरण अन्य धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट में दर्ज किया गया। प्रकरण में घटना का मुख्य आरोपी मनीष बाछनिया पिता गौरेलाल बाछनिया 21 साल निवासी कांटाफोड जिला देवास घटना दिनांक के पश्चात से ही फरार था। जिसे मुखबिर सूचना पर ग्राम बीजला से गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया जहां से न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेजा गया। इस मामले में पुलिस की कार्रवाई अभी जारी है।

## खबर संक्षेप

### विश्व मलेरिया दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**सीहोर।** मलेरिया दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में ₹मलेरिया के विरुद्ध संकल्प लेकर मलेरिया को रोकने के लिए सप्ताह भर विशेष अभियान संचालित किया जायेगा। इस अवसर पर ₹मलेरिया के विरुद्ध संकल्प लेकर मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम के लिए शपथ ली गई। ₹शपथ समारोह₹ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. सुधीर डेहरिया ने कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को मलेरिया से बचाव के संयंकत प्रयास का सकल्प लेकर शपथ ली गई और मलेरिया विरूद्व अनेक गतिविधियों का आयोजन जागरूकता फैलाई जायेगी और पूरे सप्ताह भर अभियान संचालित किया जायेगा। मलेरिया के विरुद्ध संकल्प लेकर मलेरिया को रोकने के लिए पूरे स्वास्थ्य संस्थाओं में भी विश्व मलेरिया दिवस को मलेरिया के विरुद्ध शपथ समारोह आयोजित कर मलेरिया की रोकथाम के लिए प्रचार प्रसार के तहत ₹डोर टू डोर₹ सूचना (स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा अभियान अंतगर्त दीवार लेखन, समूह बैठक, एसएमएस एवं विभिन्न शासकीय संस्थाओं जैसे महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, जिला पंचायत, स्थानीय निकाय इत्यादि के साथ समनवय कर मलेरिया उन्मूलन के लिए संयुक्त प्रयास किये जाएंगे।

### रैंक प्राप्त करने पर विद्यार्थियों को कलेक्टर ने मिठाई खिलाकर दी बधाई

# कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 97% और कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा 96%

विद्यालय में जीव विज्ञान संकाय में 100 प्रतिशत, गणित संकाय में 97.7 प्रतिशत, आर्ट में 96 प्रतिशत तथा वाणिज्य में 88.46 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। कलेक्टर गुप्ता ने प्रदेश में रैंक प्राप्त करने पर विद्यार्थियों को कलेक्टर कार्यालय में मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारती, डीपीसी प्रदीप जैन सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित थे। उत्कृष्ट विद्यालय की 10वीं की छात्रा जोबिया ने प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है। हाईस्कूल परीक्षा की दिव्यांग प्राविण्य सूची में पराग मेमोरियल कांवेन्ट स्कूल सतवास की छात्रा सानिया ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12वीं में श्री विद्यासागर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खातेगांव की छात्रा भव्या राठी ने प्रदेश में नौंवा स्थान प्राप्त किया है। किंडर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवास की छात्रा तनीम बुशरा मंसुरी ने जीव विज्ञान संकाय में प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट विद्यालय देवास की छात्रा अक्सा खान ने प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया। जी.एल.टी हायर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा शानू शर्मा ने जीव विज्ञान में प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है। सीएम राइज शा. मॉडल स्कूल देवास ने सीएम राइज योजना के मिशन विजन मूल्य के मापदंडो पर खरा उतरते हुए कक्षा 10वीं तथा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने अपेक्षानुरूप प्रदर्शन किया है। विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र बंसल ने बताया कि कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा। विद्यालय में विज्ञान संकाय में 100 प्रतिशत, गणित संकाय में 97.7 प्रतिशत, आर्ट में 96 प्रतिशत तथा जीव वाणिज्य में 88.46 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। कक्षा 10वीं में कुल दर्ज़ 105 विद्यार्थियों में से 94 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जबकि कक्षा 12 वी में दर्ज 133 विद्यार्थियों में से 115 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है. कक्षा 10वीं में इशिका यादव, यशस्वी सेठी, चेताली सिसोदिया, वंशिका प्रजापति,निखिल मावर, माही चौहान, जतिन परमार, वाणी मालवीय, मयंक, कोमल असवाल, सुनीता भालके, ईशान अग्रवाल तेजकरण परमार, यशपाल सिसोदिया आदि ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। कक्षा 12वीं में आर्ट्स में रीतेश यादव, प्रेरणा राय, यामिनी, गणित संकाय में अल्फिया शैख़, सलोनी मोदी तरुण पाटीदार, अभिषेक शिंदे, सोना सोलंकी, तथा जीवविज्ञान संकाय में रोशनी शेख मुस्कान खेरिया आदि ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है। 55 विद्यार्थी 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शासन की लेपटॉप योजना के लिए पात्र है। उल्लेखनीय है कि एम राइज विद्यालय में कक्षा 1 से 12 वीं तक कक्षाएं संचालित होती है,

## न्यायाधीश ने वृद्धाश्रम और नशामुक्ति केन्द्र का विजिट किया



**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को संकल्प वृद्धाश्रम एवं संकल्प नशामुक्ति केन्द्र सीहोर में विजिट एवं विधिक जागरूकता षिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर एम.के. वर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, संकल्प वृद्धाश्रम एवं नशामुक्ति केन्द्र से काउंसलर नटवर कुशवाह, वृद्धजन एवं नशामुक्ति केन्द्र में उपचार करा रहे व्यक्ति उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में श्री वर्मा द्वारा कहा गया कि आप सभी यहां एक व्यसन का उपचार कराने के लिए आए है। जैसे अन्य बीमारी होती है। उसी प्रकार नशा भी एक बीमारी के समान है। जिसका उपचार संभव है। हम सभी को कभी भी किसी भी प्रकार का नशा नही करने का संकल्प करना चाहिए। वृद्धाश्रम में विजिट के दौरान एम.के. वर्मा द्वारा वृद्धजनों की समस्याओं को जाना गया। साथ ही वृद्धजन के पास पहुंचकर उनके स्वास्थ्य एवं खानपान सम्बंधी सुविधाओं एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई तथा स्वास्थ्य के प्रति विषेष रूप से सजग रहने की सलाह दी गई।

### मोबाइल उपयोग की गाइडलाइन जारी

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर निर्देश जारी किए हैं। आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में केवल निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त किए गए शासकीय सेवक ही मोबाइल का उपयोग कर सकेंगे। अधिकृत होंगे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं दल के अन्य सदस्य को मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान अपने मोबाइल फोन साइलेंट मोड़ में रखना होंगे। वे केवल सेक्टर अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी एवं निर्वाचन प्रेक्षक से निर्वाचन सबंधी वार्तालाप अथवा अन्य अति आवश्यक परिस्थिति में मतदान केंद्र से बाहर निकलकर वार्तालाप के लिए मोबाइल फोन का उपयोग कर सकेंगे।

## प्रधानमंत्री के रोड शो में समर्थकों के साथ शामिल हुए वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने भोपाल पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फूलों की बारिश की। प्रधानमंत्री श्री मोदी भोपाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के समर्थन में रोड शो करने के लिए भोपाल पहुंचे थे। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरोरा ने भोपाल पहुंचकर उनका स्वागत किया। वरिष्ठ नेता श्री अरोरा सैकड़ों समर्थकों के साथ भोपाल पहुंचे थे और रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फूल बरसाए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री का आगमन संपूर्ण भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए उत्साहवर्धन करता है। सीहोर जिले की भी तीनों लोकसभा सीटों पर भी भारतीय जनता पार्टी रिकॉर्ड जीत के साथ सत्ता में आएगी। इछावर विधानसभा में प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के नेतृत्व में भाजपा मैदान में डटी हुई है तो बुधनी विधानसभा में भी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में एक-एक कार्यकर्ता भाजपा को जीत दिलाने के लिए जुटा हुआ है।

## संसदीय क्षेत्र 18- विदिशा के सामान्य प्रेक्षक ने बुधनी स्ट्रॉग रूम और मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस सुरज कुमार ने विदिशा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत बुधनी विधानसभा क्षेत्र बुधनी में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया और बुधनी विधानसभा क्षेत्र के अनेक मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण किया तथा व्यवस्था के संबंध सहायक रिटर्निंग अधिकारी राधेश्याम बघेल से जानकारी ली।



निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री कुमार ने ईवीएम वितरण, ईवीएम वापसी, सीसीटीवी, कन्ट्रोल रूम, बेरीकेडिंग, पार्किंग, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, अभिकर्ताओं के लिए व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। प्रेक्षक श्री कुमार ने चुनाव आयोग की चेक लिस्ट के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मतदान केन्द्रो का निरीक्षण के दौरान श्री कुमार ने निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की निर्देश दिए।

### मतदान केंद्रों में तेज गर्मी (लू) से बचाव के लिए करें समुचित प्रबंध

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी मतदान केंद्रों में तेज गर्मी (लू) से बचाव के समुचित प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल और बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियों व बेंच की व्यवस्था भी करें। श्री राजन ने मतदान केंद्रों में मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए शेड लगाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि हर मतदान केंद्र में मेडिकल किट भी अवश्य रखें। इस मेडिकल किट में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर ग्रीष्मकाल में उपयोगी सभी जरूरी दवाइयां उपलब्ध करायें। सभी मतदान दलों के पास ओआरएस पैकेट और तेज गर्मी से बचाव के लिए 'क्या करें, क्या नहीं करें' का पर्चा भी होना चाहिए। सेक्टर ऑफिसर की गाड़ी में सभी जरूरी दवाइयों के साथ-साथ समुचित संख्या में पैरा-मेडिकल स्टॉफ भी तैनात रहे।

### आम सभा, जुलूस के लिए अनुमति लेना होगा

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने गत दिवस निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संचालित हो इसके लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी किये है । जारी आदेशानुसार जिले में आम सभा, रैली, जुलूस के पूर्व संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा । ध्वनि विस्तारक यंत्र, लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति लेना अनिवार्य होगा ।

## हजरत दूल्हा बादशाह दरगाह पर होगी कव्वाली हिन्दू-मुस्लिम एकता उर्स मेले की तैयारी शुरू

**सीहोर।** हजरत दूल्हा बादशाह रहमतुल्ला अलेया बाबा की दरगाह पर हिन्दू मुस्लिम एकता उर्स मेले का आयोजन होगा। दरगाह पर चादर चढ़ाने के बाद मिलाद और कव्वालियों का प्रोग्राम होगा। तीन दिवसीय उर्स आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश राय, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ओर युवा अतिथि के रूप में राजकुमार जायसवाल रिंकू सम्मिलित होंगे।

हजरत दूल्हा बादशाह रहमत उल्ला अलेया बाबा की दरगाह पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी तीन दिवसीय उर्स को लेकर समाज सेवी रिजवान पठान की अध्यक्षता में उर्स कमेटी का गठन किया गया है। हजरत दूल्हा बादशाह उर्स कमेटी उपाध्यक्ष पूर्व पार्षद अशफाक खान, सचिव राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच प्रदेशध्यक्ष समाजसेवी नौशाद खान, सह सचिव जैकी हुसैन सहित सदस्यों के द्वारा उर्स की तैयारी शुरू कर दी गई है। उर्स कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान ने बताया कि नगरसेठ स्वर्गीय गेंदालाल राय के द्वारा हजरत दूल्हा बादशाह बाबा की दरगाह पर चादर चढ़ाने की परंपरा की शुरुआत की गई थी राय परिवार के द्वारा सबसे पहले इस परंपरा का निर्वहन बाबा की दरगाह पर चादर चढ़ा कर किया जाएगा। इसके बाद 7 मई मंगलवार को मिलाद होगा 8 मई बुधवार को सीहोर के कासिम झंकार



और तारीक हुसैन कव्वाल के द्वारा बाबा के दरबार में अपने कलाम पेश किए जाएंगे। इसके बाद गुरूवार 9 मई की रात को मुंबई के मशहूर कव्वाल सरफराज चिश्ती के द्वारा कव्वालियां पेश की जाएगी। उर्स कमेटी के सचिव नौशाद खान ने बताया कि उर्स मेले में सीहोर भोपाल रायसेन राजगढ़ देवास जिले के हजारों मुस्लिमजन सम्मिलित होकर बाबा से घर परिवार और देश के लिए अमन चैन की दुआ मांगेंगे । उर्स मेले में 500 से अधिक दुकानदार अपनी दुकान लगाएंगे। तीन दिवसीय उर्स को लेकर दरगाह को विद्युत झालरों और फूलों से सजाया जाएगा स्वागत द्वार भी लगाया जाएगा । कव्वालियां सुनने पहुंचने वाली महिलाओं के लिए भी बैठने की बेहतरीन व्यवस्था की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था का भी ध्यान रखा जाएगा। उर्स कमेटी उपाध्यक्ष अशफाक खान ने कहा कि गंगा जमुना तहजीब के साथ हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक तीन दिवसीय हजरत दूल्हा बादशाह उर्स मुबारक इस बार अनोखा होगा। कार्यक्रम पूर्ण रूप से गैर राजनीतिक होगा। कव्वालियों के लिए बेहतरीन साउंड सिस्टम मौजूद रहेगा। कार्यक्रम स्थल पर सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।सोशल मीडिया चैनल पर लाइव प्रसारण भी कव्वाली प्रोग्राम का किया जाएगा।

हजरत दूल्हा बादशाह दरगाह के खादिम अनवर शाह बाबा ने बताया कि बीते 56 सालों से उर्स मेले का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। उर्स में मुस्लिम जनों के साथ हिंदू सिख ईसाई नागरिक भी हिस्सा लेकर इस आयोजन को सफल बनाते रहे हैं। हजरत दूल्हा बादशाह बाबा उर्स कमेटी में अमीन बिजली, रईस मंत्री, राजा मियां, तययूब खा सहित अन्य युवाओं को वरिष्ठ सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

## साइबर जागरूकता के लिए पुलिस विभाग ने आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राज्य सायबर पुलिस भोपाल द्वारा आम नागरिकों को सलाह। खुद को साइबर ठगों से बचाने के लिए सबसे जरूरी है जागरूकता व सतर्कता लालच और लापरवाही के कारण साइबर अपराध का शिकार हो जाते हैं। गृह मंत्रालय (MHA) और भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) के निर्देशों पर पुलिस विभाग द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज में एक साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस निरीक्षक घनश्याम डांगी भैरूंदा ने राज्य साइबर सेल एचक्यू से अपने अनुभवों को भी साझा किया। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर पूजा सिंह राजपूत ने महिलाओं के साइबर अपराधों के बारे में जानकारी साझा की। इस साइबर जागरूकता कार्यक्रम में साइबर एक्सपर्ट और एथिकल हैकर अभिनव शर्मा (MHA और I4C से), पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल, आईटीआई के



छात्र और शिक्षक शामिल थे। एथिकल हैकर अभिनव शर्मा ने सोशल मीडिया धोखाधड़ी, UPI धोखाधड़ी, कार्य धोखाधड़ी और अन्य वित्तीय और डेटा-आधारित धोखाधड़ी और हैकिंग के बारे में सुरक्षा युक्तियाँ साझा की। अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाते संबंधी, आधार आदि को किसी के साथ साझा न करें। कोई भी संस्था आपसे आपका निजी पैसा किसी भी शासकीय खाते में जमा करने या सुरक्षित करने की सलाह नही देता। कभी भी अपना पैसा किसी अनजान खाते में ट्रांसफर न करें।

### छात्राओं ने रंगोली, चित्रकला, स्लोगन आदि के माध्यम से किया जागरुक

# अधिक से अधिक मतदान करने के लिए चलाया जा रहा है जनजागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश जल निगम की परियोजना क्रियान्वयन इकाई सीहोर के अंतर्गत कार्यरत क्रियान्वयन सहायक संस्था सांईराम टेक्नो मेनेजमेंट सॉल्यूशंस द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शासकीय कन्या विश्वविद्यालय सीहोर के परिसर में मतदाताओं के मताधिकारों पर चर्चा कर लोगों में मतदान के अपने अधिकार के उपयोग के लिए जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा रंगोली, चित्रकला, स्लोगन आदि के माध्यम से मतदान एवं अपने अधिकारों के महत्व को साझा किया। इसके अलावा, विश्वविद्यालय




की छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत अपने मत का उपयोग करने की शपथ भी ली गई। कार्यक्रम के दौरान सांईराम टेक्नो मेनेजमेंट सॉल्यूशंस प्र. लि. सीहोर संस्था की परियोजना प्रबंधक पायल कावड़े परियोजना समन्वयक कृतिका उपाध्याय, सलोनी राठौर, सिद्धि सेंगर तथा उप-प्रबंधक जनसहभागिता (एस. क्यू.सी.) नरेंद्र राठौर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के अधिकारों की महत्वपूर्णता पर चर्चा कर मतदान के लिए जागरूकता बढ़ाई गई। यह पहल न केवल मतदान के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है बल्कि समाज के हर व्यक्ति को मतदान के महत्व को समझाने में भी मदद कर रही है। यह कार्यक्रम सामाजिक जागरूकता और सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जो मतदान की भावना को स्थायी करने में सहायक होगा।

## मतदाता जागरूकता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने पर पंचायत सचिव को कलेक्टर ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

विधानसभा चुनाव 2023 में बूथलेबर अवेयरनेस ग्रुप एवं मतदाता जागरूकता अभियान में खामखेड़ा ग्राम पंचायत के सचिव सुनील जयसवाल द्वारा उतकृष्ट कार्य किया गया था। इसीको लेकर गुरुवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण कुमार अढायच द्वारा सचिव श्री जयसवाल को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### जाहिर सूचना

एतद् व्दारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जय शिवनानी पिता आसनदास शिवनानी जाती सिंधी निवासी जावर द्वारा कृषक सोरम बाई पति जीवन सिंह जाती कलाल निवासी एवं कृषक ग्राम शेकूखेडा तहसील जावर जिला सीहोर से उसको निजी भूमि स्थित ग्राम शेकूखेडा भूमि खसरा क्र.381/2/1 रकबा 0.178 हेक्टर लगानी 0.78 पेसे को क्रय करने हेतु अनवंध किया है जिसकी रजिस्ट्री मेरे पक्षकार के हित में सम्मादित होना है। विक्रय की जा रहा है उक्त भूमि की चतुर सीमा निम्नानुसार है पूर्व में हुसेनी बी पती पीरू खां की भूमि, पश्चिम में राजू बाई पति जीवन सिंह की भूमि, उत्तर में आम रास्ता , दक्षिण में जीवन सिंह एवं वहिद खां की भूमि। अतः उक्त भूमि को मेरे पक्षकार जय शिवनानी पिता आसनदास शिवनानी निवासी जावर क्रय करने में किसी हित रखने वाले किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ती हो तो वह अपना आपत्ति इस सुचना के पक्ष से 7 दिवस के अन्दर स्वयं या अपने अभी भाषक के माध्यम से मेरे कार्यालय वार्ड नं.6 तहसील कार्यालय के सामने मण्डी परिषर दुकान में लिखित में प्रस्तुत कर सकता है बाद मियाद समाप्ति उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जाएगा।

भवदीय, राजपालसिंह ठाकुर,
एडवोकेट, जावर मो. 9300656592

समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व समस्त हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में बनाई रंगोली

# विश्व मलेरिया दिवस के साथ मनाया गया परिवार कल्याण पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर सुदर्शन कुशवाहा एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ धर्मेंद्र श्रीवास्तव के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राघोगढ़ के साथ-साथ समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं समस्त हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में रंगोली बनाकर विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया।

इस दौरान समस्त स्टाफ एवं उपस्थित समस्त हितग्राहियों को मलेरिया के प्रति जागरूकता एवं मलेरिया से रोकथाम के उपाय के संबंध में शपथ दिलवाई गई। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राघोगढ़ में मलेरिया पर्यवेक्षक अनिल शुक्ला द्वारा उपस्थित समस्त स्टाफ और हितग्राहियों को बताया गया कि अपने घरों के आसपास पानी जमा ना होने दें एवं घरों में स्टोर किया हुआ पानी सात दिवस में अनिवार्य रूप से बदल दें । यदि कहीं ऐसी जगह पानी भरा है, जिसको निकाला नहीं जा सकता तो उसमें जला हुआ तेल, मिट्टी का तेल, टीमो फास आदि केमिकल के माध्यम से मलेरिया के लार्वा को नष्ट किया जाए । जिससे मलेरिया की बीमारी से बचा जा सके। इसी दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राघोगढ़ में मिशन परिवार विकास के अंतर्गत जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़ा के समापन के अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को परिवार कल्याण के संबंध में स्थाई एवं अस्थाई साधनों की विस्तृत जानकारी रघुवीर सिंह भील द्वारा दी गई। समस्त कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉ मुकेश शर्मा, डॉ निवेदिता शर्मा, डॉक्टर देवेंद्र सोनी, डॉक्टर मोहित यादव, डॉ अमित श्रीवास्तव, डॉक्टर योगेंद्र शाक्य, डॉक्टर हेमंत धाकड़, डॉ अनिल धाकड़ और डॉक्टर नवीन कुमार उपस्थित रहे।




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर सुश्रुत सक्सेना, डॉक्टर विशाल बामनिया, डॉक्टर सूरज गर्ग, रघुवीर सिंह भील, अनिल शुक्ला, बीपीएम गजेंद्र भार्गव, बीसीएम रूबी मोनिका, अंजलि पंथी, गोलू केसैनी, कस्तूरी उमरिया,स्वाति सिंह, महेंद्र उछारिया, मनोज ओझा, जेपी खालको ,राधेश्याम , रिंकू के साथ-साथ समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राघौगढ़ का स्टाफ एवं हितग्राही उपस्थित रहे। साथ ही हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में यह समस्त कार्यक्रम कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर एवं एएनएम की उपस्थिति में संपादित किया गया।

चार गंभीर घायल भोपाल रेफर

# शराब के नशे में था ड्राइवर, ट्रक में घुसी तूफान, 10 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 पर शहर से 5 किमी दूर जालपाजी की पहाड़ी के नजदीक गुरुवार हुए एक सड़क हादसे में 10 लोग घायल हो गए। इनमें से गंभीर रूप से घायल चार लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर राजगढ़ तरफ से जा रहे ट्रक में एक तूफान वाहन आ घुसा। बताया जा रहा है कि तूफान गाड़ी चालक शराब के नशे में था जिसकी पुष्टी डॉक्टर्स सहित अस्पताल में मरीजों ने भी की है। हादसे में तूफान में सवार सभी लोग घायल हो गए। घटना के बाद एम्बुलेंस सहित अन्य वाहनों से सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया।

## हादसे में ये हुए हैं घायल, अधिकांश बांकपुरा निवासी

दुर्घटना में घायल हुए लोगों में दरियाव सिंह पिता हिंदू सिंह सौंधिया निवासी बांकपुरा, रोड़ीबाई कारपेंटर



बांकपुरा, सुल्तान सिंह सौंधिया बांकपुरा, सीताबाई पत्नी नारायण सिंह भोजपुर, रामप्रसाद राठौर बांकपुरा, प्रेमबाई पत्नी रामप्रसाद राठौर बांकपुरा, तरवर पिता गंगाराम सौंधिया बांकपुरा, सुजानबाई पृथ्वीसिंह सौंधिया बांकपुरा, संजूबाई लाखन सौंधिया बांकपुरा एवं विक्रम पिता गोवर्धन सौलंकी शामिल हैं। इनमें से रोड़ीबाई, रामप्रसाद, प्रेमबाई एवं संजूबाई को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने बाहर रेफर कर दिया।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 10 और 12वीं में सफलता की प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭राजपुर

श्री कृष्ण विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल राजपुर के कक्षा 12 जीवविज्ञान स्कूल में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के नाम रितिक यादव पिता नरवीर सिंह यादव ग्राम आमखेड़ा सुखा 86.4 प्रतिशत ,रामकुमारी यादव पुत्री पहलवान सिंह यादव ग्राम आमखेड़ा सुखा 85.4 प्रतिशत ,संजीव शर्मा पुत्र रामसेवक शर्मा ग्राम राजपुर 78 प्रतिशत शामिल है। कक्षा 12 एग्रीकल्चर विषय मे मोनू यादव पिता नरवीर सिंह यादव ग्राम आमखेड़ा सुखा 90 प्रतिशत प्राप्त किए। वही सौरभ यादव पुत्र परमाल सिंह यादव 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार अमित यादव पुत्र अशोक यादव ग्राम रेपरी 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वही आट्र्स (कला) विषय से नैनशी यादव पुत्री शिवराज सिंह यादव ग्राम आमखेड़ा सुखा 85.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और मुस्कान यादव पुत्री सागर सिंह यादव ग्राम बामोरा 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।वही सुषमा यादव पुत्री गजराम सिंह यादव 82.7 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार कक्षा 10 मे स्कूल में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं के नाम मानसी राठौर पुत्री राजेंद्र राठौर ग्राम खजुरिया 89.8 प्रतिशत , रितिक यादव पुत्र इंद्रभान सिंह यादव 88.6,शानू यादव पुत्र कृष्णपाल यादव ने 87.2 प्राप्त किए।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान के लिए की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरावर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में नगर परिषद कुरावर के सीएमओ कुंवर विश्वनाथ सिंह द्वारा नगर के अशासकीय विद्यालय आदर्श पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के माध्यम से नगर परिषद कार्यालय के सामने, मुख्यमंत्री हाट बाजार नगर के मुख्य बाजार स्थित बस स्टैंड ब्रिज के नीचे नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान का अधिकार एवं शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में नगर परिषद कुरावर




स्वीप के प्रभारी अरविंद मिश्रा के द्वारा सभी को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की शपथ ग्रहण कराई गई एवं विद्यालय के संचालक पीटी शाजी, प्राचार्य अनीता शाजी स्टाफ के समस्त अध्यापक छात्र-छात्राओं का आयोजन में प्रमुख भूमिका योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया कार्यक्रम में नगर परिषद कर्मचारी दौलत सिंह मीणा, कैलाश पवार, अरुण चंद्रवंशी, दिनेश इलेक्ट्रीशियन, मनोज शर्मा, दीपक राठौड़, प्रियंका महेश्वरी एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

नपा का हो रहा राजस्व का नुकसान, चौराहों पर बढ़ रहा अतिक्रमण

# फुटपाथ पर लग रही ज्यूस दुकान, स्थाई दुकानदार कर रहे मुनाफाखोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

शहर के अकोदिया नाका ओल्ड एबी रोड सहित बाजार की सड़कों पर लगने वाली ज्यूस दुकानों से अब बिचैलिए किराया वसूल कर फुटपाथ दुकान का संचालन करा रहे हैं। साथ ही बढ़ते अतिक्रमण पर किसी का ध्यान नहीं है। देखा जाए तो फुटपाथ धीरे-धीरे फिर अतिक्रमण की जद में आ रहा है। इसके पीछे मूल वजह स्थाई दुकानदारों की ओर से शुरू की गई मुनाफाखोरी है। नगर पालिका का मैदानी अमला वस्तुस्थिति से वाकिफ होने के बावजूद चुप्पी साधे है। नपा सीमा क्षेत्र के बाजारों में फुटपाथ पर दुकान लगवाना एक व्यवसाय का रूप ले लिया है। बाजार के स्थाई दुकानदार अपनी दुकान के सामने ठेला व ज्यूस दुकान लगवाकर उनसे किराया वसूल रहे हैं। रेट भी तय है। छोटे दुकानदारों से 100 रुपए और बड़े दुकानदारों से 200 रुपए



प्रतिदिन वसूल किया जा रहा है। वहीं गर्मी के सीजन में अस्थाई ज्यूस संचालकों से स्थाई दुकानदार व मकान मालिक तीन महीने चलने वाले इस सीजन में हजारों रुपए किराया ज्यूस संचालकों से वसूल रहे है। बता दे की मुनाफा खोरी नही देने पर दुकानदार अपनी दुकान के सामने किसी भी व्यवसायी को न ही बैठने देते हैं और न ही वहां दुकान लगाने देते हैं। व्यवसाय का ये ट्रेंड फिर से अतिक्रमण की वजह बन रहा है।

**चौराहों पर बढ़ रही समस्या:** फुटपाथ पर दुकान लगाने के बदले छोटे व्यवसाईयों सहित सीजन वार करने आए दुकानदारों को हजारों रुपए देना मंजूर है, लेकिन वहां हटाना नहीं। व्यवसाय के लालच में कोई भी इसकी शिकायत नहीं कर रहा है। शहर की सड़कों चौराहे नाकों के फुटपाथ पर अतिक्रमण धीरे-धीरे बढ़ी समस्या का कारण बन रहा है। वैसे तो फुटपाथ का किराया वसूलने पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रोक लगा दी थी। लेकिन किराया वसूलने का सिलसिला पूर्व के भाती आज भी अनवरत रूप से जारी है।

### जांच कराएंगे...

आपके माध्यम से स्थाई दुकानदारों द्वारा मुनाफाखोरी करने की जानकारी मिली है। मैं राजस्व शाखा प्रभारी को बोलकर जांच करा लेता हूं।

लालसिंह डोडिया, नपा सीएमओ सारंगपुर

योग और सर्वांगीण शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला सम्मान

# कमल हुए मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित

**ब्यावरा।** सरदार पटेल स्कूल ब्यावरा के संचालक तथा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश सह सचिव कमल आलोक प्रसाद को पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ उत्तरप्रदेश द्वारा भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। कमल को यह सम्मान उनके द्वारा किए जा रहे क्षेत्रीय व राष्ट्रीय सेमिनार के अंतर्गत योग और सर्वांगीण शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के प्रचार प्रसार, मातृ सम्मेलन के माध्यम से महिला शक्तिकरण या एकल बेटी



प्रोत्साहन, स्वास्थ्य व मतदान जागरूकता के क्षेत्र में किए गए क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर विद्यापीठ की प्रबंध कार्यकारिणी की अनुशंसा पर विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान प्रदान किया।

# मतदाता जागरूकता अंतर्गत कार्यक्रम हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में मतदाता जागरूकता (स्वीप) गतिविधियों के अंतर्गत एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ममता खोइया के मार्गदर्शन में किया गया। इस प्रतियोगिता में मतदाता नोडल अधिकारी प्रो.संगीता गुप्ता, प्रतियोगिता के आयोजक सोनम करोड़िया एवं धर्मेंद्र खेरवार तथा निर्णायक डॉ. विमल लोदवाल, दीप्ति सिसोदिया तथा कु. दिव्या टिकरिया उपस्थित रहे।

इस प्रतियोगिता में पांच छात्र-छात्राओं मोनिका भिलाला,दुर्गेश चंद्रवंशी, दीपिका भिलाला, बीना बैरागी, गोरी धनवानी ने भाग लिया] जिसमें बीना बैरागी प्रथम विजेता रही। जिसको जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त शील्ड महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर ममता खोइया द्वारा प्रदान की गई। इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान दीपिका भिलाला एवं गोरी धनवानी ने प्राप्त किया।

स्कूल से लेकर परिजनों ने दी बधाईयां

# जिले की प्रावीण्च सूची में होनहारों ने बनाया स्थान



**तलेन।** मास्टरमाइंड एकेडमी स्कूल संस्था की दसवीं की छात्रा माहेरा पठान पिता जहीर पठान ने जिले की प्रावीव्य सूची में 500 में से 483 अंक प्राप्त कर 96.6 के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।



कक्षा 10 वीं के छात्र रोहित दांगी विवेकानंद एकेडमी ब्यावरा ने जिले की प्रावीण्य सूची में 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।



कक्षा 10 वीं के छात्र पवन दांगी विवेकानंद एकेडमी ब्यावरा ने जिले की प्रावीण्य सूची में 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



कक्षा 10 वीं की छात्रा हर्षिता दांगी विवेकानंद एकेडमी ब्यावर ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की प्रावीण्य सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है।



कक्षा 12 वीं के छात्र कृष्णा उपाध्याय विवेकानंद एकेडमी ब्यावरा ने जिले की प्रावीण्य सूची में 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

चार दशकों से अद्भुत श्रृंगार करने वाले ब्रजेश शुक्ला सम्मानित

# 40 वर्षों से कर रहे अंजनीलाल का श्रृंगार



हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर विराजित भगवान श्री अंजनीलाल का पिछले 40 वर्षों से अनवरत अद्भुत श्रंगार करने वाले हनुमान जी के भक्त ब्रजेश शुक्ला का हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया गया। सामुहिक सुंदरकाण्ड पाठ के अनूठे आयोजन के उपरांत श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा उन लोगो का सम्मान किया जो लगातार श्री अंजनीलाल की सेवा में अपना समय दे रहे हैं। श्री अंजनीलाल का लगातार चार दशकों से चोला चढ़ाने से लेकर अद्भुत श्रृंगार करने वाले ब्रजेश शुक्ला का सम्मान पं. कामेशकृष्ण महाराज और कर्मकाण्ड के प्रख्यात विद्वान पं. दिनेश शर्मा चतुर्भुज नाथ मंदिर के हाथों किया गया। शुक्ला 58 वर्षीय शुक्ला बचपन से ही भगवान की सेवा में लीन हैं। इसी प्रकार मंदिर धाम पर विराजित सभी प्रतिमाओं के चांदी के मुकुट बनाने वाले विनोद कुमार सोनी मलावर वाले का सम्मान भी किया गया।

लगातार दो वर्षो से सामुहिक सुन्दर काण्ड के भव्य आयोजन में श्रद्धालुओं की चरण पादुका सेवा करने वाले मां वैष्णोदेवी बाल भक्त मंडली के सदस्यों का भी मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा सम्मान किया गया. इन सभी सेवादारों की सेवाओं की सभी ने सराहना करते हुए उनका अभिनंदन किया गया।

एक दिन पहले ब्लड होता तो बच जाती प्रसूता की जान, 15 दिन पूर्व भी लापरवाही से गई थी प्रसूता की जान

# मौत के बाद जागे जिम्मेदार, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सहित डॉक्टरों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा-राजगढ़

## सीएमएचओ सहित डॉक्टरों, स्वास्थकर्मियों व समाजसेवियों ने 50 यूनिट रक्तदान किया

जिला अस्पताल राजगढ़ में प्रसूताओं को डॉक्टरों की मनमानी का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है और लगातार रेफर का खेल जारी है। बुधवार को भी एक महिला को ब्लड उपलब्ध न होने की वजह से जालपा मंदिर के यहां से वापस प्रसूता को झालावाड़ भेजने के निर्देश बीएमओ जीरापुर डॉ गुप्ता ने दिये थे। उसके बाद इकलेरा पहुंच कर दम तोड़ दिया था। वही गुरुवार को सीएमएचओ सहित डॉक्टरों, स्वास्थकर्मियों व अन्य समाजसेवियों ने 50 यूनिट रक्तदान किया। इसे संयोग ही कहा जाएगा की अगर एक दिन पहले ऐसे रकदान के लिए स्वास्थ विभाग आगे आता तो ब्लड बैंक मे रक्त होने पर प्रसूता की जान बच सकती थी। आये दिन विभिन्न कारणों से खुन मे सैकड़ो शिकायत अस्पताल में सामने आती रहती हे।



### खून के खेल में अस्पताल बदनाम

जिला चिकित्सालय राजगढ़ में खून के बेचने सहित दलाली की कई शिकायत पूर्व मे सामने आ चुकी है जिसमे दूसरे राज्य राजस्थान मे जिले का खुन जा रहा था उक्त मामले को हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से उठाया था। जब आनन फानन में स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा ब्लड बैंक अधिकारी और राजस्थान की संस्था को नोटिस जारी करते हुए जांच टीम का भी गठन किया गया था। लेकिन महीनो बाद भी उस जांच का क्या हुआ क्या कार्यवाही हुई आज तक पता नही लगा जिससे आसानी से समझा जा सकता है की जिम्मेदारों द्वारा ही इतने बड़े मामले को दबा दिया गया। उक्त पूरे प्रकरण मे आज तक कोई बड़ी कार्यवाही देखने को नही मिली वहीं निर्दोश कर्मचारियों को हटाया गया था। अब प्रसूताओ को ब्लड की कमी बताकर लगातार रेफर का खेल जारी हे जिसमे जीरापुर से बुधवार को प्रसूता को राजगढ़ रेफर करके वापस जालपा मंदिर से वापस बुला लिया गया और उसने दम तोड़ दिया।

### ब्लड की कमी के चलते खुद स्वास्थ्य विभाग आया सामने

जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्त की बहुत ज्यादा कमी चल रही है। इमरजेंसी केसों के लिए भी ब्लड की व्यवस्था में बहुत ज्यादा परेशानी आ रही है। इसी को देखते हुए आधिकाधिक लोग रक्तदान करें इस उद्धेष्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडिवा ने ब्लड बैंक पहुंचकर ब्लड डोनेट किया। अपने विभाग प्रमुख को रक्तदान करते हुए अधीनस्थ डॉक्टर्स सहित अन्य स्टाफ को भी प्रेरणा मिली और शाम तक 50 यूनिट ब्लड एकत्रित हो गया।

खबर संक्षेप

## 1 मई को होगी मतदाता जागरूकता कार्यशाला

**आष्टा।** निर्वाचन आयोग की मंशा अनुरूप देवास संसदीय क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप की कार्यशाला 1 मई को जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देश अनुसार एसडीएम स्वाति उपाध्याय मिश्रा ने मां कृष्णा धाम आश्रम मालीपुरा पर आयोजित की है। बुधवार 1 मई को प्रातः 10 बजे से बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप की कार्यशाला मां कृष्णा धाम आश्रम मालीपुरा पर आयोजित की गई है। जिसमें 335 बूथों के बीएलओ,समस्त पटवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, स्कूलों के प्राचार्य और प्रधानाध्यापक, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, नगरपालिका के वार्ड प्रभारी तथा ग्राम कोटवार आदि करीब एक हजार शासकीय कर्मचारियों की लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई है। जिसमें मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु सभी को मार्गदर्शित किया जाएगा।

## परीक्षा में फेल होने पर एक बालिका ने खाया जहरीला पदार्थ

**आष्टा।** आष्टा के बेदाखेड़ी गांव में एक छात्रा ने एक छात्रा ने दसवीं में फेल हो जाने पर जहरीला पदार्थ खा लिया खा लिया। गांव से सीहोर रेफर किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल भेज दिया गया वहां पर उपचार के दौरान छात्र की मौत हो गई। बताया जाता है कि सोनकच्छ के बडा मुरनिया निवासी छात्रा है, आष्टा के बेदाखेड़ी गांव में अपने नाना नानी के यह आई थीं। कुछ दीन पूर्व ही परीक्षा में फेल होने पर खाया जहरीला पदार्थ । छात्रा बेदाखेड़ी की भानेज बताई जा रही है। छात्रा ने ऐसा कदम क्यों उठाया जांच की जा रही हैआष्टा नगर निरीक्षक रविंद्र यादव ने बताया है कि बेदाखेड़ी गांव में छात्रा दिव्यांनी पिता राजेश ठाकुर निवासी बड़ा मुरनीया थाना पीपलरावा जिला देवास ने किसी बात को लेकर जहरीला पदार्थ खा लिया था जिसे भोपाल के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था जहां इलाज दौरान मौत हो गई। थाना आष्टा लगता है लेकिन भोपाल में मौत हुई है इसलिए पोस्टमार्टम वही होगा। अभी परिजनों से बात नहीं हुई है परिजन देवास में रहते हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लोकतंत्र को मिल रहा है बुजुर्गों का आशीर्वाद

# होम वोटिंग के पहले दिन जिले के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने किया मतदान

जिले के 1463 ऐसे मतदाताओं ने होम वोटिंग सुविधा के विकल्प का चयन किया है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार 26 अप्रैल से होम वोटिंग का कार्य प्रारंभ हो गया है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार भोपाल, विदिशा एवं देवास संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए में 85 वर्ष एवं अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की वैकल्पिक सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। सीहोर जिले के 1463 ऐसे मतदाताओं ने होम वोटिंग सुविधा के विकल्प का चयन किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार 26 अप्रैल से होम वोटिंग का कार्य प्रारंभ हो गया है। जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों में घर पर मतदान कराने के लिए 140 मतदान दलों का गठन किया गया है, जो ऐसे मतदाताओं के घर पर पहुंच कर मतदान दलों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार घर पर ही पोलिंग बूथ बनाकर मतदान कार्य करा रहे हैं।





### होम वोटिंग का विकल्प देने वाले विधानसभा वार मतदाता

लोकसभा चुनाव-2024 के लिए 85 वर्ष एवं अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की वैकल्पिक सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। जिले के कुल 1463 मतदाताओं ने होम वोटिंग का विकल्प दिया है। इसमें 18-विदिशा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधानसभा बुदनी 289 मतदाताओं ने होम वोटिंग का विकल्प दिया है। इनमें 190 मतदाता 85 वर्ष एवं अधिक आयु के तथा 99 मतदाता दिव्यांग हैं तथा विधानसभा इछावर में 195 मतदाताओं ने होम वोटिंग का विकल्प दिया है। इनमें 178 मतदाता 85 वर्ष एवं अधिक आयु के तथा 17 मतदाता दिव्यांग हैं। इसी प्रकार 19-भोपाल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधानसभा सीहोर में 271 मतदाताओं ने होम वोटिंग का विकल्प दिया है। इनमें 190 मतदाता 85 वर्ष एवं अधिक आयु के तथा 81 मतदाता दिव्यांग हैं। इसी प्रकार 21- देवास संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधानसभा आष्टा में कुल 708 मतदाताओं ने होम वोटिंग का विकल्प दिया है। इनमें 576 मतदाता 85 वर्ष एवं अधिक आयु के तथा 132 मतदाता दिव्यांग हैं।



### होम वोटिंग के लिए दलों की संख्या

विदिशा, भोपाल एवं देवास संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली जिले की चारो विधानसभा के लिए 140 मतदान दल होम वोटिंग की प्रक्रिया सम्पन्न कराएंगे। बुधनी विधानसभा में 48, इछावर विधानसभा में 27, सीहोर विधानसभा में 25 तथा आष्टा विधानसभा 40 मतदान दल 85 वर्ष एवं अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार होम वोटिंग की कार्यवाही सम्पन्न कराएंगे।

### लोकतंत्र को मिला बुजुर्गों का आशीर्वाद

चाहे किसी की उम्र 90-95-100 वर्ष की हो या कोई बिस्तर में हो, किसी को चलने या अन्य किसी प्रकार की तकलीफ हो, परन्तु उनमें लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेने का जज्बा कायम है और उन्होंने आज पूरे उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निर्वाचन आयोग द्वारा इस विधानसभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा दी है। मतदान दल द्वारा उनके घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतपेटी में मतदान कराया गया। भोपाल संसदीय क्षेत्र के सीहोर विधानसभा के अन्तर्गत सीहोर नगर तिलक पार्क में मतदान दल 100 वर्षीय सिंगार बाई, बासपुरा कस्बा निवासी 100 वर्षीय जमीला बी तथा ब्राम्हणपुरा निवासी 85 वर्षीय मूलचंद के घर पहुंचा। मतदान दल द्वारा इन तीनों बुजुर्ग मतदाताओं और उनके परिजनों को मतदान की प्रक्रिया समझाई गई और उसके पश्चात सभी औपचारिकताएं पूर्ण की गई। सिंगार बाई, जमीला बी और मूलचंद ने पोस्टल बैलेट में अपने मनपसंद अभ्यर्थी को वोट किया, और उसे मतपत्र को मतपेटी में डाला। इन बुजुर्ग मतदाताओं और उसके परिजनों ने निर्वाचन आयोग को धन्यवाद दिया।

# 79 लोगों की आंखों की जांच कर 37 मोतियाबिंद रोगियों को किया चिन्हित

ऑपरेशन के लिए किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्थानीय सिविल अस्पताल में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन सदगुरू सेवा समिति आनंदपुर द्वारा आयोजित किया गया।जिसमें 179 लोगों की आंखों की जांच की गई। जिसमें से 37 लोगों में मोतियाबिंद पाया गया ।जिन्हें सदगुरू सेवा समिति आनंदपुर निःशुल्क ऑपरेशन के लिए पहुंचाया गया।

उक्त जानकारी राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण राज्य के जिला सचिव वरिष्ठ डॉक्टर अतुल उपाध्याय ने देते हुए बताया कि इस नेत्र शिविर में 28 मरीजों को चश्मे का वितरण किया गया।साथ ही 56 मरीजों को दवाईयां दी गई।निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जी.डी. सोनी के मार्ग दर्शन में आयोजित किया गया।

मरीजों की आंखों की जांच नेत्र चिकित्सा सहायक सुरेश सेन और रविन्द्र गोस्वामी के द्वारा की गई। मोतियाबिंद के चिन्हित नेत्र रोगियों को सदगुरु सेवा समिति आनंदपुर के बहन से ऑपरेशन हेतु भेजा गया तथा ऑपरेशन के पश्चात उन्हें वापस सिविल अस्पताल आष्टा में छोड़ा जाएगा।

## सरला धारवां का निधन



**आष्टा।** माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ राजमल धारवां एडवोकेट की धर्मपत्नी एवं राधाकृष्ण धारवां एडवोकेट की पूज्य भाभी जी, सुरेश धारवां, मुकेश धारवां की पूज्य काकी जी, धीरज धारवां, नितिन धारवां की पूज्य माता जी एवं प्रिंस अनुराग धारवां, विनायक धारवां की पूज्य दादी जी श्रीमती सरला धारवां का शुक्रवार 26 अप्रैल को स्वर्गवास हो गया । जिनकी अन्तिम यात्रा निज निवास स्थान लाल कोठी शांतिनगर से मुक्तिधाम पर पहुंची। वहां उनके पुत्रों धीरज, नितिन धारवां एवं पौत्र प्रिंस अनुराग धारवां एवं विनायक धारवां ने मुखाग्नि दी। सरला धारवां के निधन पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, नगरपालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा, अभिभाषक संघ अध्यक्ष कृपाल सिंह ठाकुर, नगीनचंद जैन, शमीम जहीरी, विजेंद्र सिंह ठाकुर, सुरेंद्र परमार, परवेज अली, ज्ञानसिंह ठाकुर, अनिल मालवीय, तेजसिंह भाटी, प्रसन्न बनवट, दिलीप सेठी, ललित नागौरी, महेंद्र मूंदड़ा, संतोष झंवर,उप महाप्रबंधक विद्युत मंडल अजय कुमार वाधवानी, कनिष्ठ यंत्री योगेश साहू , लोकेंद्र धारवां, अनिल झंवर आदि ने शौक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदीयो ने किया जागरूकता

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी संबंधित विभागों, शिक्षा विभाग एवं अन्य सभी संस्थाओं को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिये गये। इसी श्रृंखला ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदीओं द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार कि गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदीओं द्वारा जनपद आष्टा के ग्राम मरूखेडी एवं जनपद इछावर के ग्राम दिवडिया की दीदीयो द्वारा मतदाता जागरूकता के तहत रंगोली एवं मतदान कराने के लिए शपथ दिलाई गई।

# बैलगांव कर्नाटक से आए श्रद्धालुजनों ने मुनि संघ को श्रीफल भेंटकर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



गुरुदेव ने पिच्छिका कमंडल दिया और महावीर स्वामी के मार्ग पर चलना सिखाया। हमें किसी की आवश्यकता नहीं।डर पापों से रखें, अन्य से नहीं। कलंक,कलर,कल्हा से बचने हेतु मौन रहें। कोई हानि नहीं होती, बोलने से हानि हो सकती है, मौन रहने से नहीं।हम से दोष या गलती हुई है, उसे स्वीकार करें।कठोर, कड़क भाषा बोलने से बीस साल से बोलचाल बंद हो गई।अंधे के बेटे अंधे होते हैं, यह बोलने पर महाभारत भारत में हुई थी। कटु शब्द नहीं बोले। समाज में बिखराव का कारण कटु वचन बोलना है। कोई कठोर शब्दों को बोल रहा है तो मौन रहोगे तो विवाद नहीं होगा।सौ बोलने वाले भी एक के मौन रहने से शांत हो जाते है। मीठा बोलने से शांति मिलेगी।आज संयुक्त परिवार नहीं, पड़ोसी को बुलाकर बातचीत करते हैं। संवाद होना चाहिए, जिंदगी में संवाद बंद नहीं होना चाहिए। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। प्रवचन की जानकारी देते हुए समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि मुनि सागर महाराज ने कहा मौन सभी वाद - विवादों से बचाता है।मौन भी एक दवा है।तन सुखी तो मन सुखी,मन सुखी तो जीवन सुखी।अध्यात्म में मौन की बड़ी महत्ता बताई गई है ।मौन साधना सबसे बड़ी साधना होती है। बोलना चांदी जैसा है मौन रहना सोने के समान है। सात जगह मौन रहना चाहिए। भोजन, पूजन, ,लघु शंका, दीर्घ शंका, वमन, भोग। मुनि सागर महाराज ने कहा किसी से वाद विवाद की स्थिति में मौन रहना चाहिए ,एकांत स्थान में मौन साधना ही सबसे अच्छी होती है ।मौन में वह ताकत है जो हम बोल बोल के भी प्राप्त नही कर सकते।मौन को मूल्यवान निधि बताई गई है। मौन रहकर की गई साधना कभी निष्फल नही होती। बकने वाले को कभी विद्या नही आ सकती, सामयिक में भी मौन ही रहना होता है ।सम भाव का रहना ही सामायिक है । सामयिक में मौन ही श्रेष्ठ होता है ।मौन अवस्था में हम आत्मा की आवाज सुन सकते है। आदिनाथ प्रभु मौन रहे,बारह वर्षो तक बाहुबली मौन रहे।जो मौन हो जाते है उनका चिंतन बहुत उत्कृष्ठ होता है। ज्ञानी जनो ने मौन की महिमा बताई है।हमे किसी की जरूरत नहीं ,हमारी किसी को जरूरत हो तो स्वागत है।

# जीवन में मित्र होना चाहिए, शत्रु नहीं: सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जीवन में मित्र होना चाहिए, शत्रु नहीं। स्मरण प्रभु का करते हैं,भक्त का नहीं। हम आयु के बल पर जी रहे हैं। एक समय खाएं वह योगी, दो समय खाएं वह भोगी और जो बार-बार खाएं वह रोगी है। साल भर में 48 पर्व आते हैं। आहार लें और कभी-कभी उपवास भी किया करें, शरीर उत्कृष्ट रहेगा।


उम्र घटती है तो इंद्रियां काम कम करने लगती हैं, इसलिए कम खाएं। व्रत बड़े ही होते हैं, वृत्ति छोटा हो सकता है। व्रत ले तो वह टूटना नहीं चाहिए। व्रतों को नहीं छोड़ना चाहिए, पापों को छोड़ना चाहिए। यह बातें नगर के पार्श्व नाथ दिगंबर जैन किला मंदिर पर विराजित मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहा कि काशी में करवट लेने से कैलाश नहीं मिलेंगे, बल्कि उनकी आराधना, भक्ति करने पर मिलेंगे। कषाय में क्या है, क्षमा करके देखें उसमें अपार ताकत रहती है। मंदिर आने से धर्म और पुण्य बढ़ता है, कषाय गलती है, पापों का क्षय होता है। एक आत्मा है दूसरी परमात्मा। मरते समय णमोकार महामंत्र बोले, अहंकार नहीं करें। साधु अपने शिष्यों को छोड़कर आगे निकल जाते हैं। संसारी प्राणी हैं साथ रहो, कुटुम्ब के साथ रहे। जो अकेला है वह क्या समाधि मरण करेंगा। जीने की भावना, मरने की भावना आएं। समाधि भावना हो, राग द्वेष हटाएं। समाधि मरण के दौरान राग नहीं होना चाहिए। भोगों को स्मरण नहीं करें। यह शरीर भी आपका नहीं है।



सम्यक समाधि मरण करें। जिनराज से भावना भाएं। मुनि सागर महाराज ने कहा कि जिस समय यह शरीर साथ नहीं देगा, उस समय देहांत का समय नजदीक होगा, केवल अंतिम समय में ही नहीं जीते जी भी भगवान को याद रखना बहुत बड़ा कार्य होता है। जीवन भर पड़े पाठों की कठिन परीक्षा होती है। समाधि,धर्म की चिंता भावना भव नाशिनी होती है। राज छोड़ना बहुत सरल है राग छोड़ना कठिन है।

झरखेड़ा में संपन्न हुआ पाटीदार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

# महामंडलेश्वर केशव दास की उपस्थिति में 10 जोड़ों का हुआ विवाह







हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

झरखेड़ा में पाटीदार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ। आयोजित हुए विवाह सम्मेलन में 10 जोड़े का विवाह पूर्ण विधि-विधान और रिति रिवाज से संपन्न कराया गया। महामंडलेश्वर केशव दास जी महाराज के मार्गदर्शन और आचार्य हजारी जी प्रतिनिधि शांतिकुंज हरिद्वार सीहोर व उनकी टीम द्वारा वैदिक रीति रिवाज से खोडल धाम झरखेड़ा में संपन्न हुआ। आयोजित हुए सामुहिक विवाह सम्मेलन के अवसर पर समाज के वरिष्ठ जन पाटीदार समाज संगठन के जिला अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद पड़ोसी मनोहर जागीरदार, जीतमल पाटीदार, रामेश्वर बारोड, महावीर पाटीदार, विष्णु बेलावत सहित समाज के वरिष्ठ जन की उपस्थिति में सफल आयोजन हुआ। सर्वोत्तम सरदार पटेल जन कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में संपन्न आयोजित किया गया। समिति के सदस्यों के परिश्रम से सफल हुआ। आयोजन के अवसर पर बर वधु को सभी समाज जनों ने शुभकामनाएं प्रेषित की। ग्राम वासियों के सहयोग और समिति के रविंद्र पाटीदार, विष्णु प्रसाद पटेल, चंद्रशेखर पटेल, कैलाश पाटीदार, रामेश्वर पाटीदार, तुलसीराम पाटीदार, हेमराज पाटीदार, सुरेश पाटीदार महेश पाटीदार, देवकरण पाटीदार, दिनेश और अंकित पाटीदार सहित अन्य का सहयोग रहा।

# विकास कार्यों से कोसों दूर नगर परिषद जावर रहवासी हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर परिषद जावर के वार्ड 8 और 9 के रहवासी कीचड़ और गंदगी में रहने को मजबूर हैं। न सही से रोड हे न पानी का इंतजाम है। बारिश में सबसे ज्यादा परेशानी रहवासियों को होती है। कई बार तो जरा सा पानी गिर जाने पर कीचड ही कीचड नजर आता है। बनखेड़ा, भाटी खेड़ा, मंडी जाने वाले वा स्कूल के बच्चे इसी रास्ते का उपयोग करने को मजबूर है। जिन्हे कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण कुमेर सिंह मालवीय ने बताया कि कई बार हम नगर में चुने हुए प्रतिनिधि को यह के हालत से अवगत करा चुके हैं। लेकिन इस और कोई ध्यान नहीं देते हैं। इस ओर ना ही नगर परिषद ध्यान दें रहा है।